भारत सरकार
सूचना और प्रसारण मंत्रालय
(नीति नियोजन प्रकोष्ठ)

नई दिल्ली, 22 नवम्बर, 2024

विषय: अक्टूबर 2024 माह के लिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय के महत्वपूर्ण कार्यकलापों पर मंत्रीमंडल के लिए सारांश (संख्या -10)।

अक्टूबर 2024 माह के लिए इस मंत्रालय से संबंधित महत्वपूर्ण कार्यकलाप/आयोजन नीचे दिए गए हैं:-

1. **70वाँ राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार**: भारत की माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने दिनांक 8 अक्टूबर 2024 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में **70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार** प्रदान किए। श्री मिथुन चक्रवर्ती को भारतीय सिनेमा में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए प्रतिष्ठित दादा साहेब फालके पुरस्कर से सम्मानित किया गया। इस समारोह में फिल्म और मनोरंजन उद्योग की प्रमुख हस्तियाँ शामिल हुईं। इस अवसर पर माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री (आई एंड बी), श्री अश्विनी वैष्णव ने मुंबई में **इंडियन इंस्टिटयूट ऑफ क्रिएटिव टेक्नालॉजी (आईआईसीटी)** की स्थापना की घोषणा की। आईआईटी और आईआईएम की तर्ज पर तैयार आईआईसीटी का उद्देश्य रचनात्मक कौशल और नवाचार को बढ़ावा देना तथा भारत को वैश्विक सृचनात्मक अर्थव्यवस्था में अग्रणी बनाना है।

2. दिनांक 20 से 28 नवंबर, 2024 तक पणजी, गोवा में आयोजित किए जा रहे **55वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई)** की तैयारियां माह के दौरान पूरे जोर-शोर से की गई हैं। **ऑस्ट्रेलिया** को 'फोकस देश' के रूप में नामित किया गया है। 18 अक्टूबर से 12 नवंबर, 2024 के बीच मीडिया प्रतिनिधि पंजीकरण किए गए हैं। भारतीय पैनोरमा में प्रदर्शित होने वाली फिल्मों की सूची और 55वें आईएफएफआई में फिल्म बाजार में सह-निर्माण बाजार के लिए चयन की भी घोषणा की गई है।

3. **विशेष अभियान 4.0:** *स्वच्छता* को संस्थागत बनाने और सरकारी कार्यालयों में लंबित मामलों को कम करने के लिए इस मंत्रालय द्वारा 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर, 2024 तक विशेष अभियान 4.0 चलाया गया। विशेष अभियान 4.0 के अंतर्गत, इस मंत्रालय ने 866 आउटडोर अभियान चलाए, 78543.5 किलोग्राम स्क्रैप आइटम का निपटान किया गया, 38774 फाइलों की छटाई की गई, 1331 ई-फाइलें बंद की गईं, पहचान किए गए 325 वाहनों में से 30 को अनुपयोगी घोषित किया गया, **65561 वर्ग फुट ऑफिस स्पेस खाली कराया गया** और **85,99,249/- रुपये का राजस्व सृजित किया गया।** इस अभियान के अंतर्गत कुल 391 लोक शिकायतें, 72 लोक शिकायतें अपील और 33 वीआईपी संदर्भ भी निपटाए गए।

सी. सेंथिलराजन

(सी. सेंथिल राजन)
संयुक्त सचिव, भारत सरकार
दूरभाष: 23382597